BUSINESS STUDIES

व्यावसायिक अध्ययन

(319)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. Name the form of business organisation in which the minimum of seven members are required to form it. 1

व्यवसाय संगठन के उस स्वरूप का नाम दीजिए, जिसमें स्थापना के लिए न्यूनतम सात सदस्यों की आवश्यकता होती है।

2. Differentiate between Partnership and Joint Stock Company on the basis of liability. 1

साझेदारी तथा संयुक्त पूँजी कम्पनी में दायित्व के आधार पर अन्तर कीजिए।

3. Name the money market instrument which is mainly used by the banks to meet their temporary requirement of cash. 1

मुद्रा बाजार के उस प्रलेख का नाम दीजिए, जिसका प्रयोग मुख्यतः बैंकों द्वारा उनके अस्थायी नकदी की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए किया जाता है।

4. Define the term 'Insurance'. 2

'बीमा' शब्द की परिभाषा दीजिए।

5. Explain, in brief, 'fulfilment of social objectives' as a merit of departmental undertakings. 2

विभागीय उपक्रमों के गुण के रूप में 'सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति' की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

6. Give any *two* limitations of statutory corporations. 2

सांविधिक निगमों की कोई **दो** सीमाएँ दीजिए।

7. You have been asked to choose the most suitable form of business organisation under each of the following circumstances. Choose the form and give reason : 2

(a) When production of goods involves manual skill

(b) When the purpose of business is to provide service rather than to earn profit

आपसे निम्नलिखित प्रत्येक स्थिति में व्यवसाय संगठन के सबसे उपयुक्त स्वरूप को चुनने के लिए कहा गया है। स्वरूप चुनिए तथा कारण दीजिए :

(क) जब वस्तु उत्पादन में हस्त-कौशल की आवश्यकता हो

(ख) जब व्यवसाय का उद्देश्य लाभ कमाने की अपेक्षा सेवा प्रदान करना हो

8. Define the term 'Management'. 2

'प्रबन्ध' शब्द की परिभाषा दीजिए।

9. State briefly the meaning of 'Marketing Mix'. 2

'विपणन मिश्र' का अभिप्राय संक्षेप में बताइए।

10. Explain, in brief, 'zero stage channel of distribution'. 2

'शून्य-स्तरीय वितरण माध्य' की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

11. "The salespersons play an important role in the process of sale as they act as an important link between the manufacturer and the customer." Do you agree with this statement? Give any *two* reasons in support of your answer. 2

''विक्रयकर्त्ता विक्रय प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि वह उत्पादक व उपभोक्ता के मध्य एक महत्त्वपूर्ण कड़ी होता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **दो** कारण दीजिए।

12. Aditya does not own the building, but he is trying to get it insured as a party to the insurance policy. Can Aditya, in your opinion, get the building insured? Give the name of the principle of insurance in support of your answer and explain it briefly. 4

आदित्य मकान का स्वामी नहीं है, परन्तु वह बीमा पॉलिसी के एक पक्ष के रूप में उसका बीमा कराना चाहता है। क्या आपके विचार में वह मकान का बीमा करा सकता है? अपने उत्तर के समर्थन में बीमा के सिद्धान्त को बताइए तथा उसकी संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

13. Enumerate any *four* responsibilities of business towards the employees. 4

कर्मचारियों के प्रति व्यवसाय के किन्हीं **चार** उत्तरदायित्वों की गणना कीजिए।

14. Explain 'selection of business' as an issue and problem faced by entrepreneurs while giving shape to their idea. 4

अपने विचारों को साकार रूप देते समय उद्यमियों के सामने आने वाली समस्याओं एवं कठिनाइयों के रूप में 'व्यवसाय का चयन' की व्याख्या कीजिए।

15. Explain, in brief, the following principles of management : 4

(a) Unity of command

(b) Division of work

प्रबन्ध के निम्न सिद्धान्तों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(क) निर्देश की एकता

(ख) कार्य-विभाजन

16. "Planning is the most important of all the management functions." Do you agree? Give any *three* reasons in support of your answer. 4

''सभी प्रबन्धकीय कार्यों में योजना बनाना सबसे महत्त्वपूर्ण होता है।'' क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **तीन** कारण दीजिए।

17. Explain, in brief, any *four* features of Mutual Funds. 4

म्यूच्युअल फंड के किन्हीं **चार** लक्षणों की व्याख्या कीजिए।

18. Enumerate the *four* main objectives for which SEBI (Securities Exchange Board of India) was granted statutory recognition in 1992. 4

सन् 1992 में जिन **चार** मुख्य उद्देश्यों के लिए सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) को वैधानिक मान्यता प्रदान की गई, उनकी गणना कीजिए।

19. Give any *four* limitations of Supermarkets. 4

सुपर बाज़ार की कोई **चार** सीमाएँ दीजिए।

20. Explain briefly the following Rights of Consumers : 4

(a) Right to safety

(b) Right to be heard

उपभोक्ताओं के निम्न अधिकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(क) सुरक्षा का अधिकार

(ख) सुनवाई का अधिकार

21. Explain, in brief, any *six* points of importance of warehousing to the business community. 6

व्यावसायिक जगत के लिए भंडारण के किन्हीं **छः** महत्त्व के बिन्दुओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

22. Explain, in brief, any *six* advantages of multinational corporations. 6

बहुराष्ट्रीय निगमों के किन्हीं **छः** लाभों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

23. Explain the term 'organising' and the various steps involved in the process of organising. 6

'संगठन' शब्द तथा संगठन प्रक्रिया में निहित चरणों की व्याख्या कीजिए।

24. "Overcapitalisation is not desirable in the long-run interest of the shareholders and the company." Do you agree? Give reasons in support of your answer. 6

''अति-पूँजीकरण अंशधारियों एवं कम्पनी के व्यापक हित में वांछनीय नहीं है।'' क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

25. One of your friends has newly entered into export trade and has received an enquiry to send quotation for goods. He has already sent the quotation and is expecting to receive the order. Now he wants to know from you the procedure generally adopted for exporting goods. Explain to him, in brief, the various steps to be taken by him after the receipt of order up to the appointment of forwarding agent. 6

आपके एक मित्र ने हाल में निर्यात व्यापार में प्रवेश किया है तथा उन्हें पूछताछ का पत्र माल के निर्ख भेजने के लिए प्राप्त हुआ है। उन्होंने निर्ख पत्र भेज दिया है तथा वह आदेश प्राप्त करने की आशा कर रहा है। अब आपसे वह उस प्रक्रिया के विषय में जानना चाहता है जिसे साधारणतः माल निर्यात करने में अपनाया जाता है। आप उसे निर्यात आदेश प्राप्त करने के पश्चात् तथा माल लदाने वाले एजेन्ट की नियुक्ति तक किए जाने वाले विभिन्न चरणों को संक्षेप में समझाइए।

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Self-employment in Business)

(व्यवसाय में स्व-रोज़गार)

26. Define the term 'self-employment'. 1

'स्व-रोज़गार' शब्द की परिभाषा दीजिए।

27. Enumerate any *two* characteristics of self-employment. 2

स्व-रोज़गार की किन्हीं **दो** लक्षणों की गणना कीजिए।

28. Explain the term 'agent' in your own words. 2

'एजेन्ट' शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए।

29. Explain any *four* sources of recruitment. 4

भर्ती के किन्हीं **चार** स्रोतों को समझाइए।

30. "Clearing agents are not indispensable to the business community these days." Do you agree? Give reasons in support of your answer. 6

''वर्तमान समय में माल छुड़ाने वाले एजेन्ट व्यावसायिक समुदाय के लिए अनिवार्य नहीं हैं।'' क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

(Wage Employment in Business)

(व्यवसाय में नौकरी)

26. Define the term 'wage employment'. 1

'नौकरी' शब्द की परिभाषा दीजिए।

27. Enumerate any *two* basic functions of a modern office. 2

एक आधुनिक कार्यालय के किन्हीं **दो** आधारभूत कार्यों की गणना कीजिए।

28. Explain, in brief, 'placement agencies' as a source of information about job vacancies. 2

रिक्त पदों के सम्बन्ध में सूचना के एक स्रोत के रूप में 'नियुक्तिकरण एजेन्सियों' (नौकरी दिलाने वाली एजेन्सियाँ) की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

29. Explain, in brief, any *four* advantages of owned office building. 4

अपने कार्यालय भवन के किन्हीं **चार** लाभों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

30. "Filing systems are indispensable to business community and general public these days." Do you agree with this statement? Give reasons in support of your answer. 6

''आजकल व्यावसायिक समुदाय तथा साधारण जनता के लिए फाइलिंग विधि अपरिहार्य है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

★ ★ ★